Forwarded

के नियमों का पालन करते हुए गणवेश व सुखा राशन का वितरण किये है।

दुर्गा महाविद्यालय में एकता व अखण्डता का शपथ समारोह संपन्न

रायपुर(प्रखर)। सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन दुर्गा महाविद्यालय रायपुर में किया गया। जिसमें राष्ट्र की एकता और अखण्डता बनायें रखने का शपथ राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने लिया। शपथ कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.सुनिता चंसोरिया द्वारा दिलाया गया। साथ ही साथ आज पूर्व प्रधान मंत्री स्व. इंदिरा गाँधी की पुण्यतिथि के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया जिसने अनेक समूहों में समाजिक दूरी बनाकर यह कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

14:27

Forwarded

भारत का संविधान

उद्देशिका

हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को:

सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय,

विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म
और उपासना की स्वतंत्रता,

प्रतिष्ठा और अवसर की समता
प्राप्त कराने के लिए,

तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और
राष्ट्र की एकता और अखंडता
सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए

दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर, 1949 ई. (मिति मार्गशीर्ष शुक्ला सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतदद्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी,
रायपुर, छत्तीसगढ़

दूरभाष :– 0771–2421812 Email- deo-raipur.cg@nic.in

//ज्ञापन//

क्रमांक/49 /निर्वा./नि.प./2021 रायपुर, दिनांक 20 /01/2021

प्रति,

प्राचार्य
दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर

विषय :– **25 जनवरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2021 जिला स्तरीय समारोह के पुरस्कार के संबंध में।**

––00––

विषयांतर्गत लेख है कि दिनांक 25 जनवरी 2021 को जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का आयोजन रेडकास सोसायटी सभाकक्ष, कलेक्टोरेट परिसर रायपुर में अपरान्ह 01:00 बजे से श्री चित्रसेन साहू, प्रेरक वक्ता, खिलाड़ी एवं पर्वतारोही कचना, रायपुर के मुख्य आतिथ्य में समारोह का आयोजन किया जाना है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार जिला स्तरीय प्रोफेसर नोडल ऑफिसर पुरस्कार हेतु प्रो. सुनीता चंसोरिया, सहायक प्राध्यापक, दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर को दिनांक 25 जनवरी 2021 को रेडकास सोसायटी सभाकक्ष, कलेक्टोरेट परिसर रायपुर में कार्यकम के 01 घंटे पूर्व उपस्थित होने निर्देशित करना सुनिश्चित करें।

संयुक्त कलेक्टर
एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी,
रायपुर (छ.ग.)

पृ.कमांक/49 /निर्वा./नि.प./2021 रायपुर, दिनांक 20 /01/2021

प्रतिलिपि :–

प्राचार्य, शासकीय पी.जी. नार्गजुन विज्ञान महाविद्यालय रायपुर को सूचनार्थ।

संयुक्त कलेक्टर
एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी,
रायपुर (छ.ग.)

निर्वाचन नामावली में सुधार संशोधन हेतु जानकारी दी गई

निर्वाचन नामावली में सुधार संशोधन के लिए दी गई जानकारी

'छत्तीसगढ़' संवाददाता

रायपुर, 13 दिसंबर। जिला निर्वाचन अधिकारी एंव कलेक्टर डॉ एस भारतीदासन के मार्गदर्शन में फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली में सुधार संशोधन को लेकर चलाये जा रहे प्रचार अभियान के तहत दुर्गा महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की टीम के चयनित छात्र - छात्राओं को इस कार्य के सबंध में कोविड प्रोटोकॉल का ध्यान रखते हुये प्रभारी अधिकारी चुन्नीलाल शर्मा द्वारा आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। श्री शर्मा ने विद्यार्थीयों से इस जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पंहुचने की अपील की ताकि आम जनता तक निर्वाचन नामावली में सुधार संशोधन हेतु दावा आपत्ति की सूचना पहुँचा सके।

इस अवसर पर संकल्प सेवा समिति के अजय श्रीवास्तव ने चाइल्ड हेल्पलाईन तथा शशा मुक्ति के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शराब सेवन (नशा) करना एक मानसिक और शारीरिक बीमारी है, दवाई से इसका इलाज संभव नहीं है। आभार प्रदर्शन प्राचार्य डॉ. मधु कामरा दुर्गा महाविद्यालय द्वारा किया गया।

दुर्गा महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

PRINCIPAL
DURGA MAHAVIDYALAYA
RAIPUR (C.G.)